# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)

## - विज्ञापन -

क्रमांक 747/ दो–11–13/2008 कांकेर दिनॉक–~~23 जून 2016~~ 17.08.2016

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर 2016 संध्या 5:00 बजे तक**

उत्तर बस्तर कांकेर की न्यायिक स्थापना के अंतर्गत निम्नांकित रिक्त पदो पर अर्हता प्राप्त, छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर की अधिसूचना क्रमांक एफ–1–1/ 2012/1–3 दिनांक 10.03.2015 के अनुसार बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिला के स्थानीय निवासियों (भारतीय नागरिक) से ही निर्धारित प्रपत्र में दिनांक–16/09/2016 शाम 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा ।

## (1) रिक्त पदो का विवरण एवं योग्यता :–

| क्र. | पदनाम | स्वीकृत पदों की संख्या | अनारक्षित पद | | | | आरक्षित पद | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जन जाति | | | |
| | | | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | दिव्यांग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| | | | | | | | | तृतीय श्रेणी पद | | | | | | | | | | |
| 1 | सहायक प्रोग्रामर | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 2 | स्टेनोग्राफर (हिन्दी) | 3 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 2 | 1 | - | - |
| 3 | स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) | 2 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - |
| 4 | स्टेनो क्लर्क | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - |
| 5 | सहायक ग्रेड–तीन | 16 | 3 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | - | 1 | - | - | - | 2 | - | - | 1 |
| | योग | 23 | 5 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 6 | 1 | 0 | 1 |
| | | | | | | | | चतुर्थ श्रेणी पद | | | | | | | | | | |
| 6 | वाहन चालक | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - |
| 7 | भृत्य | 5 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 2 | 1 | 1 | - |
| | योग | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 1 | 0 |
| | कुल योग | 29 | 6 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 9 | 2 | 1 | 1 |

## 01. सहायक प्रोग्रामर के पद के लिये :–

अ– **वेतनमान** :– वेतन बैण्ड 9300–34800 + ग्रेड वेतन 4300

ब– **शैक्षणिक योग्यता** :–

यूनिक्स/ओपन सोर्स साफ्टवेयर/विंडोज एन.टी. में कार्य करने के अनुभव के साथ निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता –

(01) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान या संबंधित विषय में एम.सी.ए./एम.एस.सी./बी.ई./बी.टेक डिग्री ।

**अथवा**

(02) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी स्नातक उपाधि के साथ D.O.E. से "A" लेवल कोर्स या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से P.G.D.C.A तथा प्रोग्रामिंग/ साफ्टवेयर डेव्हलपमेंट में तीन वर्ष का अनुभव।

नोट :– उच्च योग्यता वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी ।

## 02. स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) के पद के लियेः–

अ– **वेतनमान** :– वेतन बैण्ड 5200–20200 + ग्रेड वेतन 2800

ब– **शैक्षणिक योग्यता** :–

(01) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिये 40 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र।

(02) छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र ।

(03) किसी विश्वविद्यालय,राज्य सरकार या केन्द्र सरकार से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (D.C.A) प्रमाणपत्र के साथ एम0एस0वर्ड तथा इन्टरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।

## 03. स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद के लियेः–

अ– **वेतनमान** :– वेतन बैण्ड 5200–20200 + ग्रेड वेतन 2800

ब– **शैक्षणिक योग्यता** :–

(01) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिये 40 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र।

(02) छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा हिन्दी शीघ्रलेखन एवं हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र ।

(03) किसी विश्वविद्यालय,राज्य सरकार या केन्द्र सरकार से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (D.C.A) प्रमाणपत्र के साथ एम0एस0वर्ड तथा इन्टरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।

## 04. स्टेनो क्लर्क–तीन के पद के लिये :–

**अ– वेतनमान** :– वेतन बैण्ड 5200–20200 + ग्रेड वेतन 1900
**ब– शैक्षणिक योग्यता** :–

(01) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिये 40 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(02) छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र एवं हिन्दी शीघ्रलेखन का ज्ञान व अनुभव।

(03) किसी विश्वविद्यालय,राज्य सरकार या केन्द्र सरकार से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (D.C.A) प्रमाणपत्र के साथ एम0एस0वर्ड तथा इन्टरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।

## 05. सहायक ग्रेड–तीन के पद के लिये :–

**अ– वेतनमान** :– वेतन बैण्ड 5200–20200 + ग्रेड वेतन 1900
**ब– शैक्षणिक योग्यता** :–

(01) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिये 40 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(02) छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र ।

(03) किसी विश्वविद्यालय,राज्य सरकार या केन्द्र सरकार से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (D.C.A) प्रमाणपत्र के साथ एम0एस0वर्ड तथा इन्टरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।

## 06. वाहन चालक के पद के लियेः—

**अ— वेतनमान :—** वेतन बैण्ड 5200—20200 + ग्रेड वेतन 1900

**ब— शैक्षणिक योग्यता :—**

(01) कक्षा आंठवी उत्तीर्ण।

(02) हल्का वाहन चलाने का वैद्य ड्राईविंग लाईसेस एवं वाहन चलाने का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।

## 07. भृत्य के पद के लियेः—

**अ— वेतनमान :—** वेतन बैण्ड 4750—7440 + ग्रेड वेतन 1300

**ब— शैक्षणिक योग्यता :—** कक्षा आंठवी उत्तीर्ण ।

महत्वपूर्णः—

यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पुरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें। परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन में किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी।

अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित पद केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित है।

किसी भी प्रवर्ग में महिलाओं के लिये आरक्षित पद पर उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव के कारण चयन न होने से रिक्त रह जाते हैं, तो ऐसे रिक्त पद उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवारों के द्वारा भरे जा सकेंगे।

## आयु एवं पात्रता

(01) रोजगार कार्यालय में उनका पंजीयन हो (कार्यरत शासकीय सेवकों को छूट होगी ।
(अ—) कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।
(ब—) कोई भी उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पति/पत्नी हो या जिसके दो से अधिक जीवित संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(02) दिनांक— 01 जनवरी 2016 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो परन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न कर ली गई हो

**(03) उच्चतम आयु सीमा में छूट :—**

हुये दी जायेगी,किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

3 (एक) (9)– विधवा, परित्यक्ता तथा तलाकशुदा महिलाओं के लिये उच्चतम आयु सीमा में 05 वर्ष की अतिरिक्त छूट रहेगी।

3 (दो) (2)– आदिम जाति हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के संवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक–सी3/10/85/3/1 दिनांक–29.06.85 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।

3 (दो) (3)– विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक–सी3/18/85/3/1 दिनांक–03.09.85 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।

**टीपः–** (1) बिन्दु क्रमांक–03 (एक) में अधिक लाभकारी वाली एक ही छूट मिलेगी।

(2) बिन्दु क्रमांक–03 (दो) के अन्तर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यो/योजनाओं के अन्तर्गत दी गई छूटों में यदि कोई आवेदक एक से अधिक छूटों का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में सर्वाधिक (अधिकतम) लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिये देय छूट मिलेगी। यह छूट बिन्दु क्रमांक (एक) में दी गई विशेष छूट के अतिरिक्त होगी।

**उदाहरणः–** यदि कोई आवेदक अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का होने के साथ–साथ ग्रीन कार्डधारी तथा विक्रम पुरस्कार प्राप्त हो तो उसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये अधिकतम आयु सीमा में निर्धारित 05 वर्ष की छूट के साथ प्रोत्सहन वाले अधिक लाभकारी विक्रम पुरस्कार के आधार वाली 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(3) उपरोक्त 03 (एक) और (दो) में उल्लिखित उच्चतम आयु सीमा में छूट की पात्रता तत्संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही होगी।

## आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकियाः–

01– आवेदन पत्र इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में ए–4 साईज के पेपर में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। पूर्णतः भरे हुये आवेदन पत्र दिनांक 16/09/2016 की संध्या 05:00 बजे तक बंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से आवेदित पद **"सहायक प्रोग्रामर/स्टनोग्राफर अंग्रेजी/स्टेनोग्राफर हिन्दी/ स्टेनो क्लर्क /सहायक ग्रेड–तीन/ वाहन चालक/भृत्य के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र"** लिखा जो,जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के कार्यालय में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक/ कोरियर द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किये जा सकते हैं। दिनांक–16/09/2016 की संध्या 05:00 बजे के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर

निम्नलिखित श्रेणी के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में निम्नानुसार छूट रहेगी:—

3 (एक) (1)— यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति / जनजाति का हो तो आयु सीमा में 05 वर्ष की छुट दी जायेगी।

3 (एक) (2)— यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ शासन द्वारा द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग का है तो सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक/एफ—7—25—93/1 अस.प. दिनांक—20.01.1994 के अंतर्गत आयु सीमा में अधिकतम 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।

3 (एक) (3)—छत्तीसगढ शासन स्थायी/अस्थायी/वर्कचार्ज या कन्टिजेंसी पेड कर्मचारियों तथा छत्तीसगढ राज्य के निगमों/मण्डलों आदि के कर्मचारियों के संबंध में उच्चतम आयु सीमा 43 वर्ष तक रहेगी। यही अधिकतम आयु परियोजना कियान्वयन समिति के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों के लिये भी स्वीकार्य होगी।

3 (एक) (4)— ऐसे अभ्यर्थी जो छटनी किया गया सरकारी सेवक को अपनी आयु में उसके द्वारा पहले की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 07 वर्ष की कालावधि,भले ही कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परंतु उसके परिणाम स्वरूप आयु सीमा 03 वर्ष से अधिक न हो।

**स्पष्टीकरणः—** छंटनी किये गये शासकीय सेवक, से तात्पर्य है जो इस राज्य की अस्थायी सेवा में लगातार कम से कम 06 माह तक रहा हो तथा किसी रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्टर्ड कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक 03 वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवामुक्त किया गया हो।

3 (एक) (5)— ऐसे अभ्यर्थी को जो भूतपूर्व सैनिक हो अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, किन्तु उसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले, वह अधिकतम आयु सीमा से 03 वर्ष से अधिक न हो।

3 (एक) (6—) महिलाओं के लिये आयु में शासन के नियमानुसार 10 वर्ष शिथिलनीय होगी,जो कि उनके वर्ग में मिलने वाली आयु सीमा में छूट के अतिरिक्त होगी।

3 (एक) (7)— सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक—फ1—2/2002/1/3 दिनांक—02.06.2004 के अनुसार शिक्षाकर्मियों को शासकीय सेवा में उतने वर्ष की छूट दी जायेगी,जितने वर्ष शिक्षाकर्मी के रूप में सेवा की है इसके लिये 06 माह से अधिक सेवा की अवधि एक वर्ष की आयु सीमा तक रहेगी। जिन वर्गो को पूर्व से ही आयु सीमा में छूट का लाभ दिया जा रहा है, (अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ष/विधवा/परित्यक्ता महिला आदि) वे इस निर्देश से प्रभावित नहीं होंगे।

3 (एक) (8)— स्वयंसेवी नगर सैनिकों (वालेन्टरी होमगार्ड) एवं अनायुक्त अधिकारियों के मामले में अधिकतम आयु सीमा में उनके द्वारा इस प्रकार की सेवा की उतनी कालावधि तक छूट 08 वर्ष की सीमा में अध्याधीन रहते

विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता,जाति–निवास आदि से संबंधित प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना आवश्यक है।

02– जन्मतिथी की सत्यता हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने की अंकसूची का अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

03– ऐसे अभ्यर्थी जो, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं,उन्हें अपने नियोक्ता/विभाग प्रमुख का उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

04– आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पूर्ण नाम व पूर्ण पता लिखे हुये दो खुले लिफाफे प्रत्येक पर 5/– रूपये की डाक टिकिट चस्पा करते हुये आवश्यक रूप से संलग्न करें। यदि आवेदक द्वारा टिकिट चस्पा किया हुआ लिफाफा संलग्न नहीं किया जाता है तो परीक्षा के संबंध में सूचना प्राप्त नहीं होने की जवाबदारी स्वयं की होगी।

05– आवेदक यदि अंग्रेजी/हिन्दी स्टेनोग्राफर/स्टेनो क्लर्क एवं सहायक ग्रेड–03 के सभी या कोई दो पदों के लिये आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है तो उसे प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना होगा तथा एक पद के लिये केवल एक ही आवेदन प्रस्तुत करें।

06– विज्ञापन प्रकाशन तिथी के पूर्व प्राप्त एवं प्रेषित आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## चयन प्रक्रिया

## (सहायक प्रोग्रामर पद के लिये)

सहायक प्रोग्रामर के पद की भर्ती हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी, जिनमें निम्नानुसार अंक निर्धारित किये गये हैं:–

**(1) कौशल परीक्षा :– 40 अंक**

**(2) साक्षात्कारः– 10 अंक**

### कौशल परीक्षाः–

युनिक्स/ओपन सोर्स साफ्टवेयर/विंडोज्/एन.टी. व तकनीकी से संबंधित कौशल परीक्षा ली जावेगी।

## (अंग्रेजी स्टेनोग्राफर, हिन्दी स्टेनोग्राफर,स्टेनो क्लर्क एवं सहायक ग्रेड–03 के पद के लिये)

अंग्रेजी स्टेनोग्राफर, हिन्दी स्टेनोग्राफर,स्टेनो क्लर्क एवं सहायक ग्रेड–03के पदों की भर्ती हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी, जिनमें निम्नानुसार अंक निर्धारित किये गये हैं:–

(1) कौशल परीक्षा :— 40 अंक

(2) साक्षात्कारः— 10 अंक

**कौशल परीक्षाः—**

**अंग्रेजी स्टेनोग्राफर के पद हेतुः—**

अंग्रेजी स्टेनोग्राफर के पद हेतु उम्मीदवार को 100 शब्द प्रति मिनट की गति से 05 मिनट का अंग्रेजी श्रुत लेख दिया जायेगा,जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 40 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कंप्यूटर में टाईप करना होगा।

**हिन्दी स्टेनोग्राफर के पद हेतुः—**

हिन्दी स्टेनोग्राफर के पद हेतु उम्मीदवार को 100 शब्द प्रति मिनट की गति से 05 मिनट का हिन्दी श्रुत लेख दिया जायेगा,जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 40 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कंप्यूटर में टाईप करना होगा।

**स्टेनो क्लर्क के पद हेतुः—**

इसे पद हेतु उम्मीदवार को 250 शब्द के गद्यांश को 10 मिनट की समयावधि में कंप्यूटर में टाईप करना होगा।

**सहायक ग्रेड—03 के पद हेतुः—**

इसे पद हेतु उम्मीदवार को 250 शब्द के गद्यांश को 10 मिनट की समयावधि में कंप्यूटर में टाईप करना होगा।

**नोटः—** कौशल परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिका की जांच में छ.ग. शासन रायपुर के टंकण,आंशुलिपि एवं सक्रेट्रोरियल प्रेक्टिस में कापी जांचने के दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा।

**वाहन चालक के पद हेतुः—**

(1) कौशल परीक्षा :— 40 अंक

(2) साक्षात्कारः— 10 अंक

कौशल परीक्षा में उम्मीदवार को हल्का चार पहिया वाहन चलाकर दिखाना होगा।

**भृत्य के पद हेतुः—**

(1) साक्षात्कार

**चयन सूची एवं प्रतिक्षा सूची**

कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर रिक्त पदों के तीन गुना उम्मीदवारों को मेरिट के आधार पर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। कौशल परीक्षा व साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर ही वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जायेगी, जिसमें से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की चयन सूची एवं रिक्त पदों की संख्या की दोगुनी वर्गवार प्रतिक्षा सूची तैयार की जायेगी।

## अन्य आवश्यक सूचनाएं

01– छ.ग.शासन सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम–1961 के नियम–08 के अनुसार सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्ति को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जायेगा। परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण नहीं होने पर एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि बढाई जा सकेगी या सेवा समाप्त की जा सकेगी।

02– आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक विज्ञापित पद हेतु चाही गई योग्यता अभ्यर्थी द्वारा धारित की जानी चाहिये।

03– बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विज्ञापन में निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे तथा प्रारूप से भिन्न आवेदन पत्र निरस्त किये जा सकते हैं।

04– यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो इसकी पुरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र,चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

05– अभ्यर्थी को परीक्षा के किसी भी चरण में शामिल होने के लिये कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा।

04– चयन उपरांत कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

05– परीक्षा में सम्मिलित होने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक को अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन/चयन निरस्त कर दिया जायेगा।

06– महिला हेतु आरक्षित पदों पर योग्य महिला उम्मीदवार का चयन नहीं होने पर उसी संवर्ग के पुरूष उम्मीदवारों का चयन किया जा सकेगा।

07– चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

08– चयनित उम्मीदवार का चरित्र सत्यापन कराये जाने पर यदि कोई विपरीत टिप्पणी पायी जाती है, तो, किसी भी समय सेवा से पृथक किया जा सकेगा।

09– यह विज्ञप्ति बिना किसी कारण बताये किसी भी समय निरस्त की जा

सकेगी।

10— रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।

11— समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथी के आधार पर वरीयता तय की जायेगी,जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथी पहले होगी,उन्हे प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। यदि जन्म तिथी एवं प्राप्त अंक समान हो तो स्नातक परीक्षा में जिसका अंक ज्यादा होगा उसे प्राथमिकता दी जावेगी।

12— चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश,उत्तर बस्तर कांकेर को होगा।

13— चयन प्रकिया के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश,उत्तर बस्तर कांकेर का निष्कर्ष अंतिम एवं बन्धनकारी होगा।

## अन्य विशेष सूचनाएँ

जो अभ्यर्थी चयन प्रकिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेगा,उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जायेगी। जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र उपयुक्त पाये जायेंगे,उन्हे परीक्षा हेतु सूचना पत्र उनके द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये लिफाफा जिसमें पर्याप्त डाक टिकिट लगा हो के माध्यम से जारी किये जायेंगे। उपयुक्त पाए गए तथा निरस्त किये गये आवेदन पत्रों से संबंधित उम्मीदवारों की पृथक–पृथक सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी। साथ ही जिन उपयुक्त आवेदकों की परीक्षा तिथी को निर्धारित समय के पूर्व तक लिखित परीक्षा में उपस्थित होने की सूचना प्राप्त नहीं होती है तो वे परीक्षा तिथी को निर्धारित समय के पूर्व अपने आवेदन पत्र जमा करने के प्रमाण सहित उपस्थित हो सकेंगे। परीक्षण उपरान्त उनकी उम्मीदवारी यदि सही पायी गई तो उन्हें लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकेगी।

संपूर्ण विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप इस जिला न्यायालय के अधिकारिक वेबसाइट http://ecourts.gov.in/kanker पर उपलब्ध है तथा कौशल एवं साक्षात्कार हेतु उपयुक्त,अनुपयुक्त उम्मीदवारों की सूची,परीक्षा की तिथी,समय व स्थान की सूचना इस जिला न्यायालय के वेबसाईट पर भी उपलब्ध करायी जावेगी।

अध्यक्ष,
चयन समिति
कार्या.जिला एवं सत्र न्यायाधीश
उत्तर बस्तर (छ0ग0)

## आवेदन पत्र का प्रारूप

**(सहायक प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर, स्टेनोटायपिस्ट, सहायक ग्रेड–तीन, वाहन चालक एवं भृत्य के पदों पर नियुक्ति हेतु)**

प्रति,

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**
**उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़**

**आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का फोटो चिपकाएं**

01. आवेदित पद का नाम : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
02. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    (अंग्रेजी के ब्लाक लेटर्स में) : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
03. लिंग (पुरूष / महिला) : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
04. पिता / पति का नाम : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
05. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    (ब) स्थायी पता : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
06. (अ) जन्म तिथि अंको में : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    शब्दों में : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    (ब) दिनांक 01.01.2016 को आयु : . . . . . .वर्ष. . . . . . . माह. . . . . .दिन
07. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है ? हां / नहीं : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें )
08. क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. के लिए घोषित अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. का सदस्य है ? हां / नहीं : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें )
09. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करें : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
10. क्या आवेदक विकलांग है ? हां / नहीं : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    (यदि हां, तो विकलांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का सत्यापित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)
11. विकलांगता का प्रकार एवं प्रतिशत् : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
12. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हां / नहीं : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
    (यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें )
13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
14. रोजगार कार्यालय का नाम : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

15. क्या आप विवाहित हैं ? हां/नहीं : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
16. यदि विवाहित हैं तो विवाह की तिथिः . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
17. जीवित बच्चों की संख्या : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

| क्र. | बच्चे का नाम | लिंग | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | | | |
| 2. | | | |

18. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/ वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक /पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

19. अन्य कोई विशेष योग्यता : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
20. क्या आवेदक शासकीय / अर्धशासकीय : . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .
संस्था में सेवारत हैं ? हां/ नहीं
(यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
21. संलग्न प्रमाण–पत्रों की सूची :–

1\. . . . . . . . . . . . . . . . . . . 2. . . . . . . . . . . . . . . . . . .
3\. . . . . . . . . . . . . . . . . . . 4. . . . . . . . . . . . . . . . . . .
5\. . . . . . . . . . . . . . . . . . . 6. . . . . . . . . . . . . . . . . . .

## // घोषणा पत्र//

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये झूठे पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी ।

दिनांक :
स्थान :

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**नाम एवं पूरा पता**